प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से लखनऊ को जोड़ने वाली तीन ट्रेनों समेत चार नई अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी : कहा– नई रेल लाइन श्रद्धालुओं को सुगमता से पहुंचायेगो सीतामढ़ी से अयोध्या।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज काशी में जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया उद्घाटन : कहा– सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है जनजाति समुदाय।
3. वाराणसी में कल से शुरू होगा युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन : केन्द्रीय मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया, गजेन्द्र सिंह शेखावत और डॉ. वीरेंद्र कुमार होंगे शामिल। और
4. केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज अयोध्या में किये रामलला के दर्शन : कहा– प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयासों से रामनगरी का हुआ कायाकल्प।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार से लखनऊ को जोड़ने वाली तीन ट्रेनों समेत चार अमृत भारत ट्रेनों और कई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। श्री मोदी ने क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना से नई दिल्ली, बापूधाम

मोतिहारी से दिल्ली, दरभंगा से लखनऊ और मालदा टाउन से लखनऊ के बीच चार नई अमृत भारत ट्रेनों को भी झंडी दिखाई। इन अमृत भारत ट्रेनों से उत्तर प्रदेश के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इनसे यात्रा सुविधा में काफी सुधार होगा। बाइट....

*देश के अलगअलग रूट पर अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई गई है। मोतिहारी बापूधाम से दिल्ली आनंद विहार तक भी अब सीधे अमृत भारत एक्सप्रेस चलेगी। दरभंगा नरकटियागंज रेल लाइन का दोहरीकरण होने से यह रूट पर यात्रियों को बहुत सुविधा हो जाएगी।*

श्री मोदी ने अपने संबोधन में बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले राम जानकी पथ का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि राम–जानकी पथ मोतिहारी के सत्तरघाट, केसरिया, चकिया और मधुबन से होकर गुज़रेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सीतामढ़ी से अयोध्या तक विकसित की जा रही नई रेल लाइन चंपारण के श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए अयोध्या जाने में सक्षम बनाएगी। बाइट....

*राम जानकी पथ मोतिहारी के सत्तरघाट केसरिया चकिया, मधुबन से होकर गुजरने वाला है। सीतामढ़ी से अयोध्या तक जो नई रेलवे लाइन तैयार हो रही है उससे श्रद्धालु चंपारण से अयोध्या जाकर दर्शन कर सकेंगे।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौर के दूसरे दिन आज वसंत महिला

महाविद्यालय में जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने जनजातीय समाज के मन में विश्वास पैदा किया है। श्री योगी ने बताया कि सरकार ने जनजाति समुदायों को योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़ने का काम किया है। बाइट.....

*आज मुझे प्रसन्नता है कि डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में उन्हें सिचुएशन के लक्ष्य तक पहुंचाकरके मकान सबके लिए अनिवार्य है। जमीन के पट्टे सबके लिए अनिवार्य पेंशन की सुविधा पात्रता के अनुसार सबके लिए अनिवार्य है। ये सभी सुविधाओं से नियुक्त करने का काम किया। आपके सोनभद्र में, मिर्जापुर में, चंदौली में गौड़ जाति हो, बुक्सा हो, चरो हो। जितने भी ये जनजातियां हैं इन सभी को हम लोगों ने इन सभी सुविधाओं से आच्छादित करने का काम किया है।*

———————

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय कल से वाराणसी में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर दो दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। इस शिखर सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया और गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित कई अन्य मंत्री और देश भर के 100 आध्यात्मिक तथा सामाजिक–सांस्कृतिक संगठनों के 500 से अधिक युवा प्रतिनिधि शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट....

*दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत; केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार; केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से सहित प्रदेश के कई मंत्री भी शामिल होंगे। इस सम्मेलन का उद्‌देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के विरूद्ध जागरूक करना है। शिखर सम्मेलन का समापन 20 जुलाई को काशी घोषणापत्र के विमोचन के साथ होगा। यह दस्तावेज़ नशा मुक्तभारत के निर्माण के लिये एक व्यापक कार्ययोजना प्रस्तुत करेगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

———————

**प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। प्रदेश में आज से प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के आंशिक परिसीमन के साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वार्ड परिसीमन की अंतिम सूची जारी हो जाने के बाद 12 अगस्त तक इसकी प्रति निदेशक पंचायती राज को उपलब्ध कराने के निर्देश शासन ने दिए हैं। 15 जनवरी 2026 को सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा चुका है।**

———————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0**

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

<u>जितिन प्रसाद</u>

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्रीराम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री प्रसाद न कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से पूरी अयोध्या का कायाकल्प हुआ है। बाइट....

*इस स्तर पर मुझे अयोध्या धाम आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आज यहाँ राम मंदिर निर्माण और रामलल्ला जी के दर्शन हनुमानगढ़ी और सभी अयोध्या भव्य नगरी आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और मंत्री जी के प्रयासों से जो अयोध्या नगरी का कायाकल्प हुआ है वो देश और दुनिया देख रही है। हमारी पुरानी संस्कृति से जुड़ा हुआ एक अयोध्या धाम यहाँ आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है।*

———————

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन मंत्रालय की 75वीं वर्षगांठ पर लखनऊ विश्वविद्यालय में आज प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एनएसओ की क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की उपमहानिदेशक डॉ. सुचिता गुप्ता ने बताया कि सांख्यिकी विभाग नीति

निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। छात्र छात्राओं को इसके बारे में ज्यादा जानकारी मिले इसके लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

———————

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में लखनऊ के तीसरा स्थान हासिल करने पर रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने बधाई दी है। श्री सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए शहर की महापौर, पार्षदों, नगर निगम के अधिकारियों एवं स्वच्छता कर्मियों के साथ–साथ लखनऊ की समस्त जनता को बधाई दी। वहीं लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल का आज दिल्ली से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद राजधानी लौटने पर स्वागत किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण में आगरा को राष्ट्रीय स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त हुआ है। आगरा नगर निगम आयुक्त ने बताया कि ये सामूहिक प्रयासों से संभव हो पाया है। बाइट.....

*निश्चित तौर पे सारे आगरा शहर के लिए और पूरी हमारी टीम के लिए बड़ी खुशी की बात है। लास्ट एक साल में पूरी टीम ने काफी मेहनत की और हम लोगों ने एक ऑब्जेक्टिव बना कर के काम किया जहाँ जहाँ हमारे गैप्स थे उनपे काम किया उनको दूर किया और उसी का परिणाम है कि आज हम लोग टॉप टेन में जगह बना पाए।*

इस रैंकिंग में गाजियाबाद 11वें, कानपुर 13वें और वाराणसी 17 वें स्थान पर रहे।

———————

प्रदेश में कांवड़ यात्रा के सकुशल संचालन के लिए अलग–अलग जिलों में प्रशासन ने रूट डायवर्जन लागू किया है। बस्ती जिले में कांवड़ मेले की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन ने अयोध्या सीमा से बाबा भद्रेश्वरनाथ मंदिर तक मार्ग का निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा और शिवरात्रि के लिए गोरखपुर– लखनऊ राष्ट्रीय राज्यमार्ग के अयोध्या सीमा से बाबा भद्रेश्वरनाथ मंदिर तक के हिस्से को कल सुबह 8 बजे से 24 जुलाई तक बंद करने का फैसला लिया गया है। अमरोहा में कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर चांदपुर मार्ग को वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया ने बताया कि नेशनल हाईवे शनिवार से भारी वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा और हल्के वाहन एक लेन पर ही चलेंगे, जबकि दूसरी लेन पूरी तरह कांवड़ियों के लिए आरक्षित रहेगी। उन्होंने बताया कि यह डायवर्जन 23 जुलाई महाशिवरात्रि की रात आठ बजे तक लागू रहेगा।

———————————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के कई नदियों का जलस्तर बढ रहा है। बलिया में गंगा खतरे के निशान से उपर बह रही है। जौनपुर में अत्यधिक बारिश और तेज हवा के चलते आज कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालय बंद रहे। मौसम विभाग ने 20 से

लेकर 22 जुलाई तक के लिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)